# **हिमपात आपदा प्रतिक्रिया**

**<u>पृष्ठभूमि:</u>**

जिले में आप सर्दियों के महीनों में कुछ बर्फ़ संचित होने की उम्मीद कर सकते हैं। बर्फ़ की थोड़ी मात्रा सड़कों पर फिसलन की स्थिति पैदा कर सकती है और भारी मात्रा में बर्फ़ शहर भर में ख़तरनाक ड्राइविंग परिस्थितियाँ, अवरुद्ध सड़कें और बिजली गुल होने वाली स्थिति पैदा कर सकती है। तेज़ हवाओं के साथ मिल कर बर्फ़ काफ़ी हद तक दृश्यता को कम कर सकती है, इसलिए मोटर वाहन चालकों से अनुरोध किया जाता है कि इन परिस्थितियों में अत्यधिक सावधानी बरतें।

सामान्य तौर पर, आपको ***सलाह*** और ***चेतावनी*** के बीच अंतर पता होना चाहिए।

- हिमपात संबंधी ***सलाह*** का अर्थ है कि बर्फ़ गिरने की संभावना है और यह जमा हो सकती है।
- हिमपात संबंधी ***चेतावनी*** का अर्थ है कि <u>भारी</u> मात्रा में बर्फ़ गिर रही है या जल्द ही गिरने वाली है।

| **हिमपात सलाह या चेतावनी:** |
|---|
| ☐ मौसम संबंधी रिपोर्ट और आपात स्थिति की जानकारी के लिए अपने रेडियो, टेलीविज़न या NOAA मौसम संबंधी रेडियो को सुनें।<br>☐ अपने घर और कार में एक आपातकालीन "निकास-किट" रखें। निकास किट तैयार करने का तरीका जानने के लिए www.72hours.dc.gov पर जाएँ।<br>☐ बेहद ज़रूरी होने पर ही वाहन चलाएँ। यदि ड्राइव करना आवश्यक हो, तो निम्न पर विचार करें:<br>- दिन में यात्रा करें और दूसरों को अपनी समय-सूची की सूचना देते रहें।<br>- मुख्य सड़कों पर बने रहें; बग़ल वाली सड़कें और गलियों से बचें।<br>☐ यदि हिमपात आपातकाल घोषित किया जाता है, तो हिमपात आपातकालीन मार्गों पर अपनी गाड़ी पार्क न करें। इन सड़कों पर पार्क किए गए वाहनों पर $250 का जुर्माना लग सकता है और/या टो किया जा सकता है।<br>☐ अपने घर और/या बिज़नेस के पास वाले फ़ुटपाथ और सीढ़ियों से हिम और बर्फ़ साफ़ करें। D.C. क़ानून के अनुसार है कि निवासियों द्वारा हिमपात रुकने के बाद आठ घंटों के अंदर दिन में फ़ुटपाथ और सीढ़ियों से बर्फ़ हटाना आवश्यक है।<br>☐ बर्फ़ खोदते समय अधिक परिश्रम से बचें। अधिक परिश्रम से दिल का दौरा पड़ सकता है- जो सर्दियों के दौरान मौत का प्रमुख कारण है।<br>☐ **शीतदंश** के लक्षणों पर नज़र रखें—त्वचा देखने में सफ़ेद और मोमी लगती है, सुन्न पड़ जाती है और उस जगह कोई संवेदना नहीं रहती और/या संभावित रूप से फफोले पड़ सकते हैं।<br>☐ **हाइपोथर्मिया** के लक्षणों पर नज़र रखें—कंपन और सुन्न पड़ना, भ्रमित होना या चक्कर आना, लड़खड़ाना और |

# हिमपात आपदा प्रतिक्रिया

कमज़ोरी, धीमा या अस्पष्ट उच्चारण और आघात।

- यदि आप किसी बेघर व्यक्ति को ठंड में फँसे देखते हैं, तो (202) 399-7093 पर हाइपोथर्मिया हॉटलाइन को कॉल करें। वैन इन बेघर व्यक्तियों को आश्रय तक ले जाएगी।
- यदि आप या आपकी जान-पहचान वाले किसी व्यक्ति द्वारा हाइपोथर्मिया या शीतदंश के लक्षणों का सामना किया जा रहा है तो तुरंत चिकित्सा केंद्र जाएँ।

कोलम्बिया गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट
निर्माता:
होमलैंड सेक्यूरिटी एंड एमर्जेन्सी मैनेजमेंट एजेंसी (HSEMA)

**पिछला संशोधन: नवंबर, 2011**